समाचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

28 फरवरी को वार्ड क्र. 07, 27, 32, 67 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

(अब तक 548 शिविरों के माध्यम से की गई 28491 लोगों की जांच एवं मुफ्त में इलाज)

कोरबा 27 फरवरी 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 28 फरवरी रविवार को वार्ड क्र. 07, 27, 32, 67 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 548 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 28491 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व

दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है, वहीं अब तक निगम क्षेत्र में 548 शिविरों के माध्यम से 28491 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया।

रविवार 28 फरवरी को इन स्थानों पर पहुंचेगी मेडिकल यूनिट– निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 फरवरी 2021 रविवार को वार्ड क्र. 07 कुष्ठ आश्रम के पास, वार्ड क्र. 27 रामनगर सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 32 प्राथमिक शाला रिसदी, वार्ड क्र. 67 गजरा आंगनबाड़ी केन्द्र के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा प्रातः 08 बजे से अपरांह 03 बजे तक लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।

01 मार्च को राजस्व वसूली शिविर– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्डो में लगाए जा रहे शिविरों की अगली कड़ी में **01 मार्च को** वार्ड क्र. 11 लक्ष्मणबन तालाबवार्ड क्र. 27 नवधा पण्डाल रामनगर, वार्ड क्र. 31 खरमोरा सामुदायिक भवन नीम चौक, वार्ड क्र. 41 कांजीहाउस परसाभांठा, वार्ड क्र. 52 नगोईखार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 62 गेवरा चौक, वार्ड क्र. 67 गजरा चौक में शिविर लगाए जाएंगे।

01 मार्च को सर्वमंगला में शिविर – निगम द्वारा आयोजित किए जा रहे जन समस्या निवारण शिविर निदान के आयोजन की अगली कड़ी में 1 मार्च को सर्वमंगला जोन कार्यालय में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 3 मार्च को बांकीमोगरा जोन कार्यालय में निदान शिविर आयोजित होगा। निगम द्वारा संबंधित वार्ड के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन शिविरों में पहुंचे तथा अपनी समस्या बताएं ताकि उनका त्वरित निदान किया जा सके।